# सीधी में खाद संकट को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

## पांच घंटे लाइन में लगने के बाद मिलती है एक बोरी खाद



**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 28 अगस्त. कार्यालय जिला विपणन अधिकारी मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित सीधी के समक्ष आज दोपहर आक्रोशित किसानों ने खाद संकट को लेकर प्रदर्शन किया।**

किसानों का प्रदर्शन शुरू होने की जानकारी मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। उनको बताया गया कि वर्तमान में मांग से कम खाद की आवक होने के कारण यह समस्या निर्मित है, जिसको जल्द से जल्द दूर कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। किसान खाद की किल्लत पर संयम बनाकर रखें। दरअसल रोजाना की तरह आज भी पटेल पुल स्थित गोदाम परिसर में स्थित काउंटर के सामने किसानो की भीड़ जमा को गई थी। वर्तमान में तेज धूप होने के कारण घंटो लाइन में लगने के कारण तीन किसानों की तबियत भी बिगड़ने की खबर सामने आई है। बाद में लम्बी कतार में लगे किसानों को पांच घंटे लाइन में लगने के बाद एक बोरी खाद देने की पर्ची दी गई। अधिकांश किसान 5-6 बोरी खाद लेने की मंशा में आते है। इससे किसानों का आक्रोश दोपहर करीब 3 बजे भड? उठा और उनके द्वारा प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को शांत कराया। किसान विजय पनिका ने बताया कि वे सुबह 5 बजे से लाइन में खड़े थे। पांच घंटे लाइन में लगने के बाद केवल एक बोरी खाद मिली है जबकि 6 बोरी खाद की आवश्यक है। पूरे किसान इसी समस्या का सामना कर रहे हैं। कई किसान तो घंटो लाइन में लगने के बाद भी खाली हांथ लौटने को मजबूर है। खेती किसानी के समय किसानों को खाद मिलना काफी आवश्यक फिर भी जिम्मेदार अधिकारी लापरवाह बने रहते हैं।

> **इनका कहना है**
> खाद की उपलब्धता के लिये प्रयास जारी है। मांग अधिक होने से सभी किसानों को जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिल पा रही है। जल्द ही सीधी जिले में पर्याप्त खाद की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।
> **डॉ.राजेश सिंह,**
> उपसंचालक कृषि सीधी

## मैरिज गार्डन के परिसर से 28 बोरी यूरिया जब्त



उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी देकर बताया है कि जिले में यूरिया उर्वरक की कमी व कालाबाजारी की संभावना को देखते हुए दिनांक 28 अगस्त 2025 को राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल के द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सेमरिया विकासखण्ड सीधी में फुटकर उर्वरक विक्रेता कुवेर प्रसाद गुप्ता के उर्वरक गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें विक्रेता मौके पर उपस्थित नहीं होने पर संदिग्धता की स्थिति में गोदाम को सील किया गया। विक्रेता के गोदाम के पास ही वेदअंशिका मैरिज गार्डन के परिसर में 28 बोरी यूरिया का भण्डारण संदिग्ध स्थितियों में पाया गया जिसे मैरिज गार्डन के मालिक मनोज गुप्ता उपस्थिति में जब्त कर दिया गया। निरीक्षण में राजस्व विभाग के एकता शुक्ला नायब तहसीलदार सेमरिया, कृषि विभाग के अनुविभागीय कृषि अधिकारी पी.एल. कुशवाहा, विवेक कुमार दुवे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं पुलिस विभाग से सिद्धार्थ परौहा थाना प्रभारी सेमरिया मौके पर उपस्थित रहे।



# जेपी पावर प्लांट में हादसा एक प्रौढ़ श्रमिक की मौत

## विरोध में परिजनों ने किया चक्काजाम

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 28 अगस्त। जेपी पावर प्लांट निगरी में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। कंपनी परिसर में कोयले के हापड़ में दबने से एक श्रमिक की मौके पर मौत हो गई। जहां गुस्साएं मृतक के परिजनों ने शव को सड़क पर रख चक्काजाम शुरू कर दिया। इस दौरान एसडीओपी, टीआई समेत भारी संख्या में पुलिस भी पहुंच गई है।**

दरअसल जानकारी के अनुसार निगरी निवासी सुग्रीव साकेत पिता छोटे लाल साकेत उम्र 40 वर्ष कोयले के हापड़ में प्लांट के अंदर काम कर रहा था। तभी अचानक से श्रमिक हापड़ में दब गया और गंभीर अवस्था में नजदीकी जिला चिकित्सालय सीधी ले गये। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन गंभीर आरोप लगाते हुये मृतक का शव लेकर सड़क पर उतर गए और चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने की कोशिश कर रही है। परिजनों को समझाइश देने में पुलिस जुटी है। एसडीओपी गायत्री तिवारी, सरई टीआई जितेन्द्र सिंह भदौरिया, चौकी प्रभारी निगरी विनय शुक्ला, निवास चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी स्थल पहुंच लोगों को समझाइस देने में जुटे रहे।

# खाद संकट से आक्रोशित किसान फिर सड़क पर उतरे

## घंटे भर बाधित रहा सतना-पन्ना मार्ग, समझाइश-आश्वासन से बनी बात

**नवभारत न्यूज**
**सतना 28 अगस्त. एक ओर जहां प्रशासन द्वारा उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक होने और पारदर्शी तरीके से वितरण किए जाने का दावा किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर खाद संकट से जूझ रहे किसानों का आक्रोशित होकर सड़क पर उतरने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. इसी कड़ी में गुरुवार को एक बार फिर से किसानों ने नारज होकर सतना-पन्ना मार्ग बाधित कर दिया.**

प्रशासन और पुलिस अधिकारियों द्वारा दी गई समझाइस और आश्वासन के चलते किसान किसी तरह वहां से हटने को राजी हुए. जिले के नागौद क्षेत्र में हर रोज की तरह गुरुवार को भी किसानों की लंबी लाइन उर्वरक वितरण केंद्र पर सुबह से ही लग चुकी थी. कुछ समय तक उर्वरक वितरण सुचारु तौर पर होता भी रहा. लेकिन मामले में गतिरोध तब आ गया जब किसानों के सामने यह जानकारी आई कि उर्वरक का स्टॉक समाप्त हो चुका है. वहीं कुछ देर बाद ही टोकन वितरण भी बंद कर दिया गया. यह सुनते ही किसानों के बीच आक्रोश पनपने लगा. आक्रोशित किसानों ने वहां पर मौजूद जिम्मेदारों से यह पूछने का प्रयास किया कि इतने दिन बाद किसी तरह उर्वरक का वितरण शुरु हुआ था. उसे भी आधे-अधूरे में ही बंद क्यों कर दिया गया. जब किसानों को कोई उचित समाधान मिलता नजर नहीं आया तो फिर वे एकत्रित होकर सतना-पन्ना



राजमार्ग पर पहुंचे गए. देखते ही देखते एकत्रित किसानों ने मार्ग को बाधित करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया. जिसका नतीजा यह हुआ कि राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतारें लंबी होने लगीं. घटना की जानकारी मिलने पर नागौद थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और किसानों को राजमार्ग छोड़ने को लेकर चर्चा शुरु की. लेकिन बात नहीं बनी. जिसे देखते हुए एसडीएम नागौद जितेंद्र वर्मा और तहसीलदार ज्योति पटेल भी मौके पर पहुंच गए. अधिकारियों द्वारा किसानों को समझाइस देने के साथ ही यह आश्वासन भी दिया गया कि जल्द ही न सिर्फ टोकन बंटना प्रारंभ कर दिया जाएगा बल्कि उर्वरक की उपलब्धतता भी सुनिश्चत की जाएगी. वितरण केंद्र से सभी किसानों को उर्वरक प्राप्त होगा. इसी कड़ी में तहसीलदार ज्योति पटेल वितरण केंद्र पहुंच गईं और अपनी निगरानी में टोकन बंटवाए.. इस आश्वासन के चलते किसान राजमार्ग से हटने को राजी हो गए. लेकिन इस विरोध प्रदर्शन के चलते लगभग घंटे भर तक राजमार्ग पर यातायात बाधित बना रहा.

> **150 लोगों पर प्रकरण दर्ज**
> उर्वरक न मिलने से आक्रोशित किसानों द्वारा राजमार्ग बाधित किए जाने के मामले को इस बार पुलिस प्रशासन ने हल्के में नहीं लिया. चक्काजाम करने वाले 150 अरूयत लोगों के विरुद्ध धारा 123 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर लिया गया. पुलिस के अनुसार फिलहाल अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है. लेकिन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चक्काजाम करने वालों की पहचान की जा रही है. चिंहित किए जाने के बाद नामजद आधार पर कार्रवाई की जाएगी.

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे

**रीवा, 28 अगस्त,** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल दिल्ली से वायुयान द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12:20 बजे प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचेंगे. तदोपरांत कार द्वारा रीवा आयेंगे. उप मुख्यमंत्री शाम 04:00 बजे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय रीवा परिसर में अभ्युदय-2025 नवागत विद्यार्थियों के प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा रात्रि विश्राम रीवा में करेंगे.

# 60 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 अगस्त, गोविन्दगढ़ पुलिस को गांजे की एक खेप पकड़ने में सफलता मिली. रात को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो कारो में अवैध गांजा छत्तीसगढ़ से लेकर रीवा कुछ लोग आ रहे है.**

पुलिस ने नाकेबंदी कर दो आरोपियो को 60 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है, साथ ही दो कार भी जप्त की गई है. रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की छुहिया घाटी से लगे टीकर मार्ग मे 02 चार पहिया वाहन मे अवैध मादक पदार्थ (गांजा) लेकर आरोपीगण बेचने की फिराक मे हैं. सूचना पर पुलिस टीम व्दारा कार्यवाही करते हुए 02 आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 60 किलो गांजा और परिवहन मे उपयोग मे लाई गई 01 टाटा हैरियर कार तथा 01 अर्टिगा कार को जप्त कर आरोपियो के विरूद्ध कार्यवाही की गई. पकड़े गये 60 किलो मादक पदार्थ गांजा की कीमती करीबन 06 लाख आकी गई है. वही गिरफ्तार किये गये आरोपियो में पुष्पेन्द्र उर्फ लल्ली पिता प्रकाश नारायण मिश्रा उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड न. 15 बुढार जिला शहडोल एवं आदित्य उर्फ अमित दुबे पिता राम मनोहर दुबे उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 29 शहडोल शामिल है.

**NASHIK MUNICIPAL CORPORATION**
**Solid Waste Management Department**
**E-Tender Notice No.05/2025-26- (Corrigendum-2)**
**Subject:** Corrigendum to Tender for Empanelment of Agencies for Manpower Outsourcing Services or Sweeping and Cleaning of Roads, Public and Community Toilets Riverbank, Auditoriums and NMC School Toilets in NMC area.
Nashik Municipal Corporation has decided to extend the following dates:
- Last Date & Time for Submission of Tender: From 28/08/2025 @ 15:00 hrs to **04/09/2025 @ 15:00 hrs.**
- Date & Time for Opening of Technical Bids: From 29/08/2025 @ 16:00 hrs. to **08/09/2025 @ 16:00 hrs.**

Interested tenderers should visit the website https://mahatenders.gov.in for detailed information.
जनसंपर्क/जा.क्र/२३२/२०२५
दि.२८/०८/२०२५
Sd/-
**Additional Commissioner (1)**
**Nashik Municipal Corporation**
गोदा प्रदुषण टाळा भविष्य सांभाळा

# सहकार ग्लोबल कंपनी के दो कर्मचारियों की बेदम पिटाई

## कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के बलियरी ईलाके में दिन-दहाड़े में घटना, रेत कारोबारी का हौसला बुलंद

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 28 अगस्त। कोतवाली बैढ़न क्षेत्र में रेत के अवैध कारोबारियों को खुली छूट मिली है। जिस दिन बारिश नही होती, उस दिन बलियरी के नदियों से रेत की चोरी रात में धड़ल्ले के साथ होती है।**




यह बात किसी से छुपी नही है। पुलिस के जिम्मेदार अधिकारी भले ही इसके नकारे और नकारने के पीछे कई कारण हैं। आज पुलिस अधिकारियों के दावे की भी पोल खुल गई। जहां ट्रैक्टर के अवैध रेत के कारोबारियों ने सहकार ग्लोबल कंपनी के दो कर्मचारियों को बलियरी में दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई की है। जानकारी के अनुसार गनियारी-बलियरी क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है। आरोप है कि कोतवाली पुलिस के संरक्षण में अवैध रेत का कारोबार जोर पकड़ा हुआ है। उक्त कारोबार के बारे में पुलिस के आलाधिकारी भी सब कुछ जानते हुये अनजान बने हुये हैं। जबकि पुलिस अधिकारी दम भरते हैं कि कोतवाली क्षेत्र में सब कुछ ठीक-ठाक है। जबकि जन चर्चाएं है कि इस कोतवाली क्षेत्र में कई अवैध कारोबार सबसे ज्यादा हो रहे हैं। आज की घटना पुलिसिंग व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। हुआ यूॅ कि सहकार ग्लोबल कंपनी के स्टाफ सत्यम पाण्डेय एवं सुनील कुमार यादव ट्रैक्टर से रेत अवैध उत्खनन को मना करने गये थे। इसी बात को लेकर कहा-सुनी हुई। सहकार ग्लोबल के दोनों स्टाफ को दौड़ा-दौड़ा कर पिटाईकरने की चर्चा है। घटना की रिपोर्ट करने स्टाफ पहुंचा है, लेकिन कोतवाली पुलिस मामले को टालमटोल करने और अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए पूरी जोर अजमाइश कर रही है। यह घटना आज दिन गुरूवार के दिन-दहाड़े की बताई जा रही है।



# अमोनियम नाईट्रेट से भरा वाहन मुड़वानी डैम पर पलटा

## आईडीएल कंपनी का था वाहन

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 28 अगस्त। जयंत चौकी क्षेत्र के मुड़वानी डैम के पास आज दिन गुरूवार की सुबह जयंत में संचालित आईडीएल कंपनी का वाहन अनियंत्रित होकर पलट जाने से ज्वलंनशील पदार्थ सड़क पर गिर गया। वाहन में फंसे चालक को सुरक्षित निकाल लिया गया है।**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आईडीएल कंपनी का अमोनियम नाईट्रेट ज्वलनशील पदार्थ कंपनियों में जा रहा था, जैसे ही वाहन मुड़वानी डैम पर पहुंचा तो चालक से वाहन अनियंत्रित हो गया। बताया जाता है कि वाहन के पलट जाने से वाहन में भरे अमोनियम नाईट्रेट की बोरियां भर-भराकर सड़क पर गिर गई। गनीमत रही कि सभी बोरियां पैक थी। जिसके चलते सड़क पर अमोनियम नाईट्रेट फैला नही। इस घटना में वाहन चालक वाहन में फंस गया था। राहगीरों और अन्य वाहन चालको के द्वारा तत्काल मदद के लिए पहुंचे और वाहन में फंसे चालक को तत्काल बाहर निकाला गया। जहां चालक को छुटपुट चोटें आई थी। ज्वलनशील पदार्थ सड़क पर बिखर गया था। जिसे तत्काल साफ कराया गया। ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये। वहीं इस संबंध में जयंत चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार ने जानकारी देते हुये बताया कि आईडीएल कंपनी का वाहन अनियंत्रित होकर मुड़वानी डैम पर पलट गया था। वाहन में अमोनियम नाईट्रेट भरा था। इस घटना में कोई अताहत नही हुआ है। चालक को वाहन से सुरक्षित निकाल लिया गया है।

**JALGAON CITY MUNICIPAL CORPORATION**
**e-Tender Notice No. 612 for 2025-26 (Extension No.1)**
Jalgaon City Municipal Corporation invites e-Tender for the work of Underground Sewerage Project for Zone II and Zone V (Khedi and Pimprala Nalla) of Jalgaon City. Tender schedule of above notice is extended up to 15.09.2025. other condition will remain same as per published notice.
**Date: 29.08.2025**
**sd/-**
**(Dnyaneshwar Dhere)**
**Commissioner**
**Jalgaon City Municipal Corporation**

**JALGAON CITY MUNICIPAL CORPORATION**
**e-Tender Notice No. 611 for 2025-26 (Extension No.1)**
Jalgaon City Municipal Corporation invites e-Tender for the work of Underground Sewerage Project for Zone III (Harivitthal Nalla) of Jalgaon City. Tender schedule of above notice is extended up to 15.09.2025. other condition will remain same as per published notice.
**Date: 29.08.2025**
**sd/-**
**(Dnyaneshwar Dhere)**
**Commissioner**
**Jalgaon City Municipal Corporation**



# कियोस्क संचालक से लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## बरगवां पुलिस की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 28 अगस्त। बरगवां थाना क्षेत्र के कसर के कियोस्क संचालक के साथ 90 हजार रूपये समेत लेपटॉप, फिंगर प्रिंट मशीन को लूटपाट करने वाले फरार आरोपियों को आज पुलिस ने गिरफ्तार की है।**

पुलिस के मिली जानकारी अनुसार फरसादी रामसागर बैस पिता कमलेश बैस निवासी सेमुआर थाना बरगवां की कियोस्क व किराना की दुकान ग्राम कसर में है। जहां 14 अक्टूबर 2024 को रात्रि करीबन 9:30 बजे रामसागर बैस दुकान बंद करके अपना लेपटॉप, फिंगर प्रिंट मशीन व 90 हजार रूपये नगद बैग में रख कर अपने घर सेमुआर के लिए निकला था कि जैसे ही सेमुआर रोड पर पहुँचा तो एक सुनसान जगह पर देखा कि रोड पर मोटरसाइकिल गिरी हुई व पास में एक आदमी रोड पर पड़ा था, फरियादी रामसागर बैस एक्सीडेंट होने की घटना सोच कर अपनी मोटरसाइकिल धीमी किया, तभी आरोपी मोहन्ती उर्फ सूरज साकेत व गठान साकेत अपने दोस्तों के साथ फरियादी रामसागर बैस को पकड़ कर छिनाझपटी कर लेपटॉप, फिंगर प्रिंट मशीन व 90 हजार रूपये नगद लूट कर आरोपी भाग गये थे। उक्त आरोपी घटना के बाद से फरार थे। जिन्हे आज गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मो. समीर, उनि इन्द्रलाल माझी, प्रआर अनूप मिश्रा, फूल सिंह बैस, संजय यादव, आर अरविन्द यादव, औरिस गुर्जर का सराहनीय योगदान रहा।

# दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 अगस्त, मनगवां थाना अन्तर्गत मानसिक विक्षिप्त किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूंछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया.**

पीड़िता के पिता ने थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपियो ने उसकी बेटी के साथ गलत काम किया है. जिसके बाद वह गर्भवती हो गई है. शिकायत के बाद पुलिस ने टीम गठित कर कार्यवाही करते हुए दो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गये आरोपियो में अंकुश गुप्ता पिता त्रिवेत्री गुप्ता 28 वर्ष, धीरू लखेरा पिता सुरेश लखेरा 33 वर्ष मनगवां शामिल है.


> **अवैध सट्टा पर्ची काटते गिरफ्तार**
> अमहिया थाना पुलिस ने अवैध सट्टा पर्ची काटते एक व्यक्ति को पकड़ा. जिसके कब्जे से सट्टी पर्ची व नगदी बरामद की गई. मुखबिर की सूचना पर मानस भवन के पास अवैध सट्टा पर्ची काटने वाले व्यक्ति को पकड़ा गया. नाम पता पूछा गया तो अपना नाम राम गरीब सोंधिया पिता रामलाल सोंधिया उम्र 35 वर्ष निवासी द्वारिका नगर पीटीएस चौराहा के पास का होना बताया.

# एनसीएल के प्रबंधक पाणि पंकज को मिला साहित्य अकादमी

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 28 अगस्त। एनसीएल के लिए गर्व का विषय है कि मुख्यालय के औद्योगिक संबंध विभाग में बतौर प्रबंधक पदस्थ पाणि पंकज पांडेय को उनकी साहित्यिक कृति बाल रामायण के लिए म.प्र. संस्कृति परिषद साहित्य अकादमी द्वारा हरिकृष्ण देवसरे प्रादेशिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।**



यह सम्मान उन्हें गत सोमवार को भोपाल में आयोजित अलंकरण समारोह में बाल साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अभिनव योगदान के लिए प्रदान किया गया है। उनकी रचना बाल रामायण पाठकों को सरल एवं प्रेरणादायी शैली में भारतीय संस्कृति और आदर्शों से परिचित कराती है। इस कृति को समीक्षकों एवं साहित्य जगत के विद्वानों ने भी व्यापक सराहना दी है। इस अवसर पर एनसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बी साईराम निदेशक, मनीष कुमार, रजनीश नारायण, सुनील प्रसाद सिंह ने श्री पांडेय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


**स्वामी विवेकानंद कॉलेज, पन्ना**
डी फार्मा - योग्यता -12वी (गणित/विज्ञान)
कॉलेज लेवल पंजीयन प्रारंभ
संपर्क करें:- मोबाइल- 7999404729, 8103282168

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99